सार-समाचार

कैदियों को फुटवेयर एवं फ्रूट वितरित

झुंझुनूं, (निसं)। श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था के तत्वावधान में जिला जेल में राधेश्याम ढंढारिया एवं राहुल फुटकेयर लिमिटेड जयपुर के सौजन्य से कैदियों को फुटवियर (चप्पल) एवं फ्रूट वितरण शनिवार को किया गया। इस अवसर पर जेल अधीक्षक प्रमोद सिंह शेखावत, श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था के ट्रस्टी डॉ. डीएन तुलस्यान, मुंबई प्रवासी कृपाशंकर मोदी एवं रामकिशन लोहिया उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दानदाता राधेश्याम ढंढारिया ने कैदियों से कहा कि तीन व शब्द यदि व्यक्ति ठीक कर ले तो जीवन सुंदर हो जाएगा। प्रथम व से विचार, द्वितीय व से वाणी और तृतीय व से व्यवहार इन तीनों का समावेश जीवन में सभी को करना चाहिए। जेल अधीक्षक प्रमोद सिंह शेखावत ने कहा की खान-पान ठीक करने से व्यक्ति का स्वास्थ्य ठीक रहता है तथा जीभ पर व्यक्ति संयम कर ले तो लड़ाई झगड़ा आपसी विवाद समाप्त हो जाते हैं। उन्होंने कैदियों को कहा कि आप वाणी पर संयम रखें खान-पान का ध्यान रखें जिससे आपके जीवन में सुधार हो और आप एक अच्छे नागरिक बन सके। जेल अधीक्षक ने बताया कि जिला जेल झुंझुनूं में भामाशाहों की मदद से बहुत कार्य हुए हैं। इसी क्रम में उन्होंने श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था के तत्वावधान में पूर्व में किए गए कार्यों के लिए आभार प्रकट करते हुए बताया कि 300 व्यक्तियों के बैठने के लिए जिला जेल में एक टीन शैड की आवश्यकता है। साथ ही मुख्य सड़क से जिला जेल के मुख्य द्वार तक आने के लिए लगभग 60 मीटर सड़क बनाई जाने की आवश्यकता है। जिस पर ट्रस्टी डॉ. डीएन तुलस्यान ने आश्वासन दिया कि वे शीघ्र ही दानदाताओं से संपर्क कर दोनों कार्य पूरा करवाने का प्रयास करेंगे। कार्यक्रम का संचालन कर रहे डॉ. डीएन तुलस्यान ने अतिथियों, दानदाता एवं जेल अधीक्षक का आभार प्रकट किया।

केंद्र सरकार के बजट को सराहा

झुंझुनूं, (निसं)। शनिवार को केंद्रीय वित्त मंत्री ने मोदी सरकार 3.0 का पहला पूर्ण बजट संसद में प्रस्तुत किया। जिसकी हर तरफ से सराहना हो रही है। झुंझुनूं के चार्टेड अकाउंटेंट्स ने इस बजट को ना केवल ऐतिहासिक बताया है। बल्कि यहां तक कहा है कि अमृतकाल का यह बजट सालों तक याद रखा जाएगा। क्योंकि जितनी राहत की उम्मीदें लगाई जा रही थी। उससे भी ज्यादा राहत दी गई है। चिड़ावा के युवा चार्टेड अकाउंटेंट सीए राहुल भीमराजका ने बताया कि सभी लोगों को यह उम्मीद थी कि इंकम टैक्स में इस बार 10 लाख रूपए तक की इंकम पर छूट मिलेगी। लेकिन मोदी सरकार इस उम्मीद से दो कदम आगे निकली और 12 लाख रूपए तक की इंकम पर छूट दी है। जो मिडिल क्लास के लिए बहुत बड़ी राहत है। उन्होंने कहा कि इस बजट में हर वर्ग का ध्यान रखा गया है। किसानों के केसीसी की लिमिट तीन लाख से बढाकर पांच लाख की गई है। अब पांच लाख रूपए तक के लिए किसानों को कहीं चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। इसके अलावा रेन्ट पर जो टीडीएस की छूट पहले 2 लाख 40 हजार रूपए तक थी। उसे भी बढाकर छह लाख रूपए किया गया है। जिससे मिडिल क्लास के लोगों को और मकान मालिकों को काफी फायदा होगा। वहीं कस्टम ड्यूटी कम करने के कारण 36 दवाओं की कीमतों में बड़ी कमी आएगी। यह भी सीधा सीधा फायदा आम आदमी को होगा। उन्होंने कहा कि यह बजट ऐतिहासिक है और मिडिल क्लास के लिए किसी वरदान से कम नहीं होगा।

बसंत पंचमी का आयोजन

सूरजगढ़, (निसं)। टैगोर पब्लिक स्कूल में शनिवार को बसंत ऋतु के आगमन के उपलक्ष में बसंत पंचमी पर्व मनाया गया। विद्यालय प्राचार्य रणधीर सिंह एवं उप प्राचार्य बलवान भास्कर ने बताया कि विद्यालय कोर्डिनेटर मोनिका दड़िया के निर्देशन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें वंशिका के द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई और विद्यालय प्रबंधन के सदस्यों मैनेजिंग डायरेक्टर दीक्षा तन्मय अहलावत, संतोष सिवानीवाल, दिलीप खेदड़, रोशनलाल सैन की उपस्थिति में विधिवत रूप से मां सरस्वती की पूजा अर्चना की गई। ऋतुराज बसंत के बारे में छात्राओं दिव्यांशी एवं दीक्षा काजला ने अपने विचार प्रस्तुत किए। संस्था चेयरमैन एवं पूर्व मौसम वैज्ञानिक सुरेंद्र अहलावत ने सभी बच्चों को मां सरस्वती से विद्यार्जन में आशातीत सफलता प्राप्त करने के लिए आशीर्वाद ग्रहण करने को कहा। कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों को तिलक लगाकर प्रसाद वितरण किया गया।

62 हाइजेनिक बेबी किट बांटे

झुंझुनूं, (निसं)। महावीर इंटरनेशनल सनराइज द्वारा वात्सल्य अंतर्राष्ट्रीय स्तनपान जागरूकता अभियान के अंतर्गत स्वर्गीय निरंजनलाल केडिया परिवार के सौजन्य से भगवानदास खेतान अस्पताल परिसर झुंझुनूं की जनाना विंग में नवजात शिशुओं को आठ कपड़ों वाले 62 हाइजेनिक बेबी किट, संक्रमण की रोकथाम के लिए वितरित किए गए। महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. सुमन भालोठिया ने महिलाओं को बच्चों के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में संस्था चेयरमैन राजेंद्रप्रसाद जोशी, संरक्षक डॉ. एसएन शुक्ला, अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष एफआईएफ श्यामसुंदर जालान, रीजन सेक्रेटरी एमआईएफ महेश कुमार मूंड, जोन चेयरमैन एमआईएफ नागरमल जांगिड़, रीजन ट्रेजरार देवेंद्र कुमार गौड़, एमआईएफ प्रदीप कुमार शुक्ला, एमआईएफ ओमप्रकाश ककरानिया, रमेशचंद्र शर्मा, अशोककुमार शर्मा एवं काफी संख्या में अस्पताल स्टाफ वीर एवं वीराएं मौजूद रहे। ज्ञात रहे केडिया परिवार द्वारा हर माह की एक तारीख को बेबी किट वितरण किए जाते हैं।

वार्षिकोत्सव अरूणिमा-2025 आज

डूंडलोद, (निसं)। डूंडलोद पब्लिक स्कूल डूंडलोद का वार्षिकोत्सव अरूणिमा 2 फरवरी रविवार को विद्यालय प्रांगण में दोपहर 12 बजे से आयोजित होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी सिक्किम सरकार के पूर्व चीफ सेकेट्री सुरेश कुमार गुप्ता होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डूंडलोद शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष एसएस रणवां करेंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट दिप्ती स्वामी, न्यायिक अधिकारी ग्रामीण न्यायालय सुमन कुमारी, डीएसपी राजवीर सिंह चम्पावत, तहसीलदार महेंद्रसिंह रत्नू तथा श्री सीमेंट नवलगढ़ के यूनिट हैड एचसी गुप्ता होंगे। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय में सांस्कृतिक एवं रंगारग कार्यक्रम के साथ ही बोर्ड की परीक्षा में प्रथम रहे एवं खेलों में बेहतर परफोरमेंस देने वाले विद्यार्थियों तथा विद्यालय में बेहतर रिजल्ट देने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा।

दिवांशु ने फ्रांस में गोल्ड मैडल जीता

झुंझुनूं, (निसं)। फ्रांस में आयोजित अंतराष्ट्रीय मिक्स मार्शल आर्ट की प्रतियोगिता में झुंझुनूं के दिवांशु चावला ने इटली की तरफ से खेलते हुए गोल्ड मैडल जीता। दिवांशु के पिता जगदीश कुमार चावला अप्रवासी भारतीय हैं। उन्होंने बताया कि 20 जनवरी से 25 जनवरी तक फ्रांस में मिक्स मार्शल आर्ट कि प्रतियोगिता हुई। जिसमें दिवांशु चावला ने गोल्ड मैडल जीतकर भारत का नाम रोशन किया है। अप्रवासी भारतीय भरत बुंदेला ने बताया कि दिवांशु का इटली पहुंचने पर भव्य स्वागत किया जाएगा। दिवांशु ने अपनी जीत का श्रेय अपने प्रशिक्षक व अपने दादा मदन चावला को दिया। झुंझुनूं में उनके परिवार व दोस्तों ने मिठाई बांटकर व आतिशबाजी करके खुशी मनाई।

सॉफ्टबॉल टीम हनुमानगढ़ के लिए रवाना

रतनगढ़ (निसं)। जिले की सॉफ्टबॉल टीम ने हनुमानगढ के लिए किया प्रस्थान। जिला सॉफ्टबॉल संघ अध्यक्ष राजेंद्र सिंह बिदावत ने बताया कि 02 फरवरी से 05 फरवरी तक हनुमानगढ में आयोजित 46 वीं राज्य स्तरीय सीनियर पुरुष/ महिला सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में चुरु से जिला सचिव अशोक आलडिया के नेतृत्व में नवरत्न सिंह (कप्तान) ललित कुमार प्रजापत, संदीप सिसोदिया, सुरेंद्र कुमार राठी, हेमराज, रामलाल सिवर, भवानी शंकर शर्मा, मनोज कुमार आलडिया, सुभाष ढाका,खाजू खाँ मनियार,मुकेश प्रजापत जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। वरिष्ठ कांग्रेस नेता रमेशचंद्र इंदौरिया ने विजयश्री की अग्रिम शुभकामनाएं प्रेषित कर टीम को रवाना किया।इस अवसर पर शारीरिक शिक्षक दिनेश शर्मा सहित संघ के पदाधिकारी उपस्थित थे।

पुण्य स्मृति पर भोजन वितरण किया

झुंझुनूं, (निसं)। महावीर इंटरनेशनल सनराइज द्वारा वीर अशोक कुमार शर्मा व राजेश कुमार शर्मा के सौजन्य से स्वर्गीय श्यामसुंदर शर्मा की पुण्य स्मृति पर आशा का झरना स्कूल में मूक बधिर बच्चों को भोजन वितरण किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम में संस्था चेयरमैन राजेंद्रप्रसाद जोशी, संरक्षक डॉ. एसएन शुक्ला, अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्यामसुंदर जालान, रीजन सेक्रेटरी महेश कुमार मूंड, जोन चेयरमैन नागरमल जांगिड़, देवेंद्र कुमार गौड़, ओमप्रकाश ककरानिया, रामगोपाल शर्मा, शिवप्रसाद महर्षि, अशोक कुमार शर्मा, राजेश कुमार शर्मा, बिहारीलाल सैनी, प्रदीप कुमार शुक्ला, मुबारक अली पहाड़ियान एवं काफी संख्या में गणमान्य जन व वीर वीराएं उपस्थित रहे।

स्कूटी और साइकिल मिलने पर मेधावी छात्राओं के चेहरे खिले

खिरोड़, (निसं)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय टोंक छिलरी की मेधावी छात्राओं को स्कूटी और साइकिल वितरित की गई। संस्था प्रधान संजू नेहरा ने बताया कि देवनारायण योजना के तहत दो सगी बहनों ज्योति तथा गार्गी गुर्जर पुत्री हरलाल सिंह गुर्जर को स्कूटी दी गई। इसके अलावा काली बाई भील योजना के तहत ज्योति पुत्री मूलचंद बरवड को भी स्कूटी दी गई।

वहीं 11 छात्राओं दिव्या कुमारी, कोमल कुमारी मूंड, भारती, ममता कुमारी, मोनिका, मोनिका कुमारी पुत्री बंशीलाल, मोनिका कुमारी पुत्री जगदीश प्रसाद, नीलाक्षी, पायल कंवर, रिया कुमारी सैनी, सोनू कुमारी गुर्जर को साइकिल दी गई। सभी 14 मेधावी छात्राओं का स्कूल परिसर में टोंक छिलरी सरपंच प्रतिनिधि पूर्णसिंह शेखावत, उप सरपंच किशनलाल गुर्जर, परसरामपुरा सरपंच करणीराम, भामाशाह नोपाराम मूंड सहित अन्य ग्रामीण व जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में सम्मान किया गया।

■ दो सगी बहनों को स्कूटी मिली, खिले चेहरे

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय टोंक छिलरी की मेधावी छात्राओं को स्कूटी और साइकिल वितरित की।

इस मौके पर संस्था प्रधान संजू नेहरा ने सभी विद्यार्थियों से आव्हान कि बोर्ड कक्षाओं में उत्कृष्ट परिणाम लाने वाले विद्यार्थियों को सरकार द्वारा स्कूटी, साइकिल और छात्रवृत्ति आदि देकर पढाई के लिए प्रोत्सहित किया जाता है। सभी विद्यार्थी अच्छी पढाई और अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए आज से ही संकल्प लें। पढाई से वे ना केवल अपना जीवन संवार सकते है। बल्कि क्षेत्र का नाम भी रोशन कर सकते है। इस मौके पर पंच रक्षपालसिंह शेखावत, भागीरथसिंह शेखावत, विद्याधर मूंड, सतीश कुमार मूंड, विश्वनाथ शर्मा, दिलीप सिंह शेखावत, उम्मेद सिंह शेखावत, इंद्राज मूंड, मूलचंद गुर्जर, मुकुंदाराम सुंडा, बजरंगलाल डूडी, रघुवीर सिंह, रेवंत सिंह, हरिराम जाखड आदि ग्रामवासी उपस्थित रहे।

जरूरतमंद बच्चों को शिक्षण सामग्री बांटी

झुंझुनूं, (निसं)। जिला मुख्यालय स्थित प्रिंस इंटरनेशनल के द्वारा संचालित एनजीओ "मददगार" ने जरूरतमंद बच्चों की सहायतार्थ शिक्षण सामग्री व फलों का वितरण किया गया। संस्थान निदेशक निर्मल कालेर ने बताया कि बताया कि पीआईएस के "मददगार" एनजीओ द्वारा बनाए गए क्लब "स्मॉल काइण्ड हैण्ड ने खेमी शक्ति स्थित "आशा का झरना" में बसंत पंचमी के उपलक्ष्य पर बच्चों को शिक्षण सामग्री व फलों का वितरण किया गया।

संस्थान की प्रिंसिपल डॉ. अनिता पंत शर्मा व स्कूल की अन्य छात्राओं ने आशा का झरना पहुंचकर जरूरतमंद बच्चों की मदद के लिए हाथ बढ़ाया। संस्थान का यह क्लब समय-समय पर इस प्रकार की चैरिटी करता रहता है। इस विशेष मौके पर प्रिंस ग्रुप ऑफ स्कूल्स के चेयरमैन डॉ. जीएल कालेर ने कहा कि मां शारदे के जन्म पर्व को इस रूप में मनाना जीवन को सार्थक बनाता है। इस अवसर पर संस्थान एकेडमिक डायरेक्टर समीर शर्मा, प्रिंसिपल डॉ. अनिता पंत शर्मा, महेंद्र सैनी व सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।

जरूरतमंद बच्चों की सहायतार्थ शिक्षण सामग्री व फलों का वितरण किया गया।

प्रवासी हमेशा झुंझुनूं के विकास के लिए तत्पर : एस.पी.

झुंझुनूं, (निसं)। झुंझुनूं निवासी मुंबई प्रवासी शशिकांत परमानंद (एसपी) तुलस्यान का परिवार सहित झुंझुनूं पहुंचने पर विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने स्वागत किया। उनके साथ झुंझुनूं दौरे पर उनकी पत्नी उमा देवी तुलस्यान, पुत्र अभिनंदन, पुत्रवधु मेघा, पौत्र ऋषिकेश तथा पौत्री वेदान्सिका भी आई है। जिनका भी स्वागत किया गया।

इस अवसर पर श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था के ट्रस्टी डॉ. डीएन तुलस्यान, श्री गोपाल गौशाला अध्यक्ष प्रमोद खंडेलिया, मंत्री नेमी अग्रवाल, अग्रवाल समाज के मंत्री शिवचरण हलवाई, कैलाश सिंघानिया, संदीप केडिया, महावीर इंटरनेशनल सनराइज से श्यामसुंदर जालान नूआंवाला, जिला गौ सेवा समिति के मंत्री सुभाष क्यामसरिया, सुमित क्यामसरिया, सामाजिक कार्यकर्ता एवं टेंट डेकोरेटर आशीष श्रीमोहन तुलस्यान, टैक्स बार एसोसिएशन से सीए पवन केडिया, आदर्श बाल निकेतन स्कूल के सचिव परमेश्वर हलवाई, श्री गल्ला व्यापार संघ के मंत्री विपिन राणासरिया, लॉयंस क्लब झुंझुनूं के पूर्व अध्यक्ष नरेंद्र व्यास, रघुनाथ पोद्दार, क्रेशर एसोसिएशन एवं केड शक्ति मंदिर केड से अशोक केडिया ने तुलस्यान परिवार का माल्यार्पण के साथ साफा, दुपट्टा एवं शॉल ओढाकर श्री राम मंदिर अयोध्या का प्रतीक चिह्न भेंट कर स्वागत अभिनंदन किया। इस मौके पर तुलस्यान ने बताया कि वे जब भी झुंझुनूं आते है। उन्हें अच्छा लगता है। यहां के लोग अपने है। वहीं झुंझुनूं के जो लोग बाहर रहते है।

खासकर मुंबई में रहने वाले प्रवासी आज भी झुंझुनूं के विकास के लिए तत्पर रहते है। यही कारण है कि विभिन्न संस्थाओं के जरिए झुंझुनूं से जुड़े हुए है। उन्होंने कहा कि झुंझुनूं में भी लगातार विकास हो रहा है। शिक्षा, चिकित्सा आदि क्षेत्रों में अच्छा डवलपमेंट हुआ है। आपको बता दें कि एसपी तुलस्यान झुंझुनूं निवासी परमानंद तुलस्यान व नर्मदा देवी तुलस्यान के पुत्र है। वहीं झुंझुनूं में रहने वाले ज्योतिष मर्मज्ञ श्रीमोहन तुलस्यान के अनुज भ्राता यानी कि स्टेज डेकोरेटर आशीष तुलस्यान के चाचा है। वहीं एसपी तुलस्यान की पत्नी उमा देवी तुलस्यान भी गौसेवक सुभाष क्यामसरिया की भानजी है।

सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. डीएन तुलस्यान ने बताया कि एसपी तुलस्यान के सौजन्य से केशव गौशाला जसरापुर में नवनिर्मित सघन वन, गृह नक्षत्र, राशि तुलस्यान वाटिका लोकार्पण समारोह बसंतोत्सव 2081 के मौके पर दो फरवरी रविवार सुबह 10 बजे होगा। जिसमें स्वयं एसपी तुलस्यान परिवार सहित हिस्सा लेंगे। इस कार्यक्रम में आरएसएस के आ.भ.का सुरेश, विधायक राजेंद्र भांबू, आरएसएस के विभाग संघ चालक अशोक सिंह शेखावत, अजमेर डिस्कॉम के एसई महेश टीबड़ा तथा महावीर इंटरनेशनल के अध्यक्ष सत्यदेव दड़िया भी बतौर अतिथि मौजूद रहेंगे।

200 कंबल बांटे

राजलदेसर (निसं)। कस्बे की सामाजिक संस्था राजाणा मिट्टी सेवा समिति के द्वारा कंबल वितरण कार्यक्रम माली सैनी समाज भवन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व आयुर्वेद अधिकारी हंसराज शर्मा , मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवां, विशिष्ट अतिथि मोहनलाल महावर, समिति के अध्यक्ष शंकर खडोलिया, राजेंद्र महावर मंचस्थ अतिथि थे। आए हुए अतिथियों का दुपट्टा, शॉल पहनाकर व मोमेंटो देकर सम्मान किया गया। समिति के द्वारा भामाशाहो के सहयोग से जरूरमन्दों का 200 कंबल वितरित की गयी। मुख्य अतिथि राजकुमार रिणवां ने कहा सेवा के कार्य जो करता है उन पर परमात्मा की कृपा होती है राजलदेसर राजाणा मिट्टी प्रेमी सेवा समिति की ओर से जिस तरह का सेवा भाव से एवं जरूरतमंदों की सेवा की जा रही है इसके लिए पूरी समिति साधुवाद की पात्र है उन्होंने कहा राजलदेसर कस्बा भामाशाह की नगरी है यहां पर दान करने वाले खूब हैं लेकिन दान का सदुपयोग करने वाले सामाजिक संस्था के पदाधिकारी है। समिति के अध्यक्ष शंकरलाल ने उपस्थित अतिथियों के समक्ष समिति के द्वारा कराए जा रहे कार्यों की जानकारी दी।

प्रशिक्षण में सीएचओ को सम्मानित किया

चूरू (निसं)। जिले में तम्बाकू मुक्ति उपचार एवं परामर्श सेवाओं के सुदृढ़ीकरण लिए शुक्रवार को जिला परिषद सभागार में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों के प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। सीएमएचओ डॉ. मनोज शर्मा ने बताया कि डब्लूएचओ के संयुक्त तत्वावधान में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों के प्रशिक्षण में जिले के प्रतिभागियों ने भाग लिया।

इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य भारत सरकार द्वारा निर्धारित गाइडलाइन के अनुरूप तम्बाकू मुक्ति उपचार एवं परामर्श सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों स्तर पर तम्बाकू उपभोगियों की पहचान कर उन्हें तम्बाकू का उपभोग छोड़ने के लिए तकनीकी सहायता एवं परामर्श प्रदान करना है। एसीएमएचओ डॉ. अहसान गौरी ने बताया कि जिले में तम्बाकू मुक्ति परामर्श एवं उपचार सेवाओं के विस्तार के लिए समस्त आयुष्मान आरोग्य मन्दिर स्तर पर तम्बाकू उपभोगियों को तम्बाकू छोड़ने के लिए प्रेरित किया जाना आवश्यक है। इस दौरान जिला चिकित्सालय, चूरू में प्रदान की जा रही तम्बाकू मुक्ति परामर्श एवं उपचार सेवाओं की समीक्षा भी की गई तथा सेवाओं में आवश्यक सुधार हेतु निर्देशित करते हुए सभी प्रतिभागियों के समन्वित प्रयासों से तम्बाकू मुक्ति उपचार परामर्श केन्द्र पर अधिक से अधिक तम्बाकू उपभोगी मरीजों को रेफर करने हेतु निर्देशित किया गया।

तम्बाकू मुक्ति परामर्श के लिए प्रशिक्षण दिया।

तम्बाकू मुक्ति उपचार केन्द्र को निर्देश दिए गए कि अस्पताल ओपीडी समय में आने वाले तम्बाकू उपभोगी मरीजों की अधिक से अधिक काउंसलिंग करें ताकि उपभोगी मरीजों को निकोटीन रिप्लेसमेंट थैरेपी माध्यम से प्रभावी चिकित्सकीय उपचार दिया जा सके। प्रतिभागियों को तम्बाकू उपभोगी मरीजों की शारीरिक, मानसिक व्याधियों के व्यावहारिक रूप से समाधान, वैज्ञानिक एवं चिकित्सकीय विधि से काउंसलिंग करते हुए तम्बाकू उत्पाद छोड़ने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए गए।

सीएचओ प्रशिक्षण में जयपुर डब्ल्यूएचओ प्रोग्राम ऑफिसर डॉ जकरिया चौहान ने सीएचओ के द्वारा आयुष्मान आरोग्य मन्दिर के स्तर पर तम्बाकू मुक्ति परामर्श एवं उपचार प्रारंभ करने के लिए तम्बाकू उपभोगियों के चिन्हीकरण से लेकर तम्बाकू छोडने की सलाह एवं उपचार के लिए जिला अस्पताल में संचालित तम्बाकू मुक्ति उपचार एवं परामर्श केन्द्र, नेशनल टोल फ्री क्विट लाईन पर रेफर करने की सम्पूर्ण प्रक्रिया के सबंध में प्रशिक्षण दिया।

साईकोलॉजिस्ट संगीता जोधा ने प्रतिभागियों को विस्तार से तम्बाकू उपभोग छोड़ने के लिए रोगियों का क्विट प्लान बनाए जाने, तम्बाकू मुक्ति के व्यवहारिक पहलुओं तथा एनआरटी दवाईयों के उपयोग के विषय में जानकारी दी। एमआईएस अधिकारी सिमरन ने भारत एवं राज्य सरकार के तम्बाकू नियंत्राण कानूनों के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर चिकित्सा अधिकारियों ने सीएचओ को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर एनटीपीसी के जिला सलाहकार लाड कंवर ने बताया कि नशे के उपभोगियों को नशा मुक्ति के लिए प्रेरित करने की बात कही। इस अवसर पर एसआई मुकुल शर्मा व साइकोलॉजिस्ट गगन शर्मा आदि मौजूद रहे।

सार-समाचार

दो कैंपर गाड़ी जब्त, छह बदमाश पकड़े

नवलगढ़, (निसं)। पुलिस थाना नवलगढ़ की टीम ने गुरुवार रात्रि को कार्यवाही करके दो कैंप गाडियां जब्त कर छह बदमाशों को गिरफ्तार किया। सीआई सुगन सिंह के नेतृत्व में गठित गश्त टीम के हैड कांस्टेबल नरेश कुमार को गश्त के दौरान सूचना मिली कि दो कैंपर गाड़ी बिना नंबर की। जिनमें 4-5 आदमी हैं। वह किसी वारदात को अंजाम दे सकते हैं। सूचना पर पुलिस टीम झाझड़ रोड खटीकान प्याऊ के पास पहुंची तो सामने से दो बिना नंबर की कैंपर गाडी आ रही थी। दोनों कैंपर गाड़ियों को रुकवाकर चैक किया तो गाडियों में छह जने बैठे हुए थे। इन गाड़ियों के गाटर लगी हुई थी व पूछताछ की तो गाड़ियों के कोई कागजात नहीं मिले। जिस पर दोनों गाड़ियों को मौके पर एमवी एक्ट में जब्त करके इनमें सवार छह बदमाशों को शांतिभंग में गिरफ्तार किया गया। हैड कांस्टेबल नरेश कुमार ने बताया कि बदमाशों के पास लाठियां व अन्य हथियार मिले। पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार बदमाशों की पहचान सचिन चौहान पुत्र गंगाराम (24) निवासी खटीकान मोहल्लाय नवलगढ, अजय पुत्र महेश (20) निवासी खटीकान मोहल्लान नवलग़ढ, कुलदीप पुत्र ओमप्रकाश (21) निवासी खटीकान मोहल्ला नवलगढ़, देवराज सामरिया पुत्र नत्थु राम (21) निवासी खटीकान मोहल्ला नवलगढ़, अजय उर्फ खली पुत्र रतनलाल खटीक (24) निवासी खटीकान मोहल्ला नवलगढ व मनोज पुत्र प्रहलाद राम (34) निवासी गोठड़ा थाना गोठडा के रूप में की गई। इनमें से अजय उर्फ खली के खिलाफ पहले से मारपीट सहित अन्य धाराओं में तीन प्रकरण चल रहे हैं।

जब्त वाहनों के मालिक सबूत पेश करें, नहीं तो होगी नीलामी

झुंझुनूं, (निसं)। डीआईजी शरद चौधरी ने बताया कि पुलिस एक्ट में जब्तशुदा वाहन पुलिस थाना कोतवाली में 25 दुपहिया वाहन व दो कार, पुलिस थाना सदर में 29 दुपहिया वाहन व एक कार, पुलिस थाना बुहाना में 23 दुपहिया वाहन व एक ट्रेक्टर, पुलिस थाना चिड़ावा में दो दुपहिया वाहन, पुलिस थाना नवलगढ़ में एक दुपहिया वाहन व एक चौपहिया वाहन जब्त है। जिनके वारिसान की काफी तलाश किए जाने के उपरांत भी इसका अभी तक कोई भी वारिस नहीं आया हैं। उक्त संदिग्ध अदावाकृत संपत्ति के संबंध में जिस किसी को कोई आपत्ति हो अथवा कोई वारिस (मालिक) हो तो समाचार प्रकाशन की तारीख से एक माह (30 दिन) के अंदर अंदर कार्यालय एसपी झुंझुनूं या संबंधित थाने पर उपस्थित होकर अपना हक व सबूत प्रस्तुत करें। यदि उस अवधि के अंदर कोई अपना हक साबित नहीं करेगा, तो नियत अवधि समाप्त होने के उपरांत इन वाहनों के संबंध में किसी तरह की आपत्ति अथवा ऐतराज पर विचार नहीं किया जाएगा एवं इन वाहनों या संपत्ति को संदिग्ध (लावारिस) मानते हुए राजस्थान पुलिस नियम 2008 के नियम 8 के तहत नियमानुसार नीलाम किया जाकर नीलामी राशि राजकोष में जमा करा दी जाएगी। वाहनों व संपत्ति की सूची वाहन समन्वय सॉफ्टवेयर व जीपनेट पर उपलब्ध है व संबंधित थाने पर उपस्थित होकर भी देखी जा सकती है।

12 से ज्यादा बदमाश गिरफ्तार

सीकर (निसं)। पुलिस ने वांछित अपराधियों की धरपकड़ अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए एक दर्जन से ज्यादा बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस बदमाशों से पूछताछ कर रही है। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस, आर्म्स एक्ट, मारपीट, डकैती के मामले दर्ज हैं।एसपी भुवन भूषण यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि जयपुर रेंज आईजी के निर्देशानुसार जिलेभर में वांछित अपराधियों के धरपकड़ अभियान चलाया गया है। जिसके तहत पुलिस ने एक दर्जन से अधिक आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ अनेक आपराधिक मामले दर्ज हैं। आरोपियों को पकड़ने के लिए 52 टीमें बनाई गई है जिसमें 260 पुलिसकर्मी अलग-अलग टीमें बनाकर कार्रवाई को अंजाम दे रहे हैं।एसपी ने बताया- यह कार्रवाई जिलेभर में 15 फरवरी तक चलेगी जिसमें अपराधियों को गिरफ्तार किया जाएगा। इसके अलावा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर हथियारों के साथ फोटो अपलोड करने वाले बदमाशों को भी गिरफ्तार किया जा रहा है। पुलिस आरोपियों के कब्जे से हथियार भी बरामद कर रही है। फिलहाल अभी जिलेभर में कार्रवाई की जा रही है।

'बसंत पंचमी उत्सव' मनाई

झुंझुनूं, (निसं)। शहर के न्यू कॉलोनी में स्थित डिफेंस पब्लिक सीनियर सैकंडरी स्कूल में 'बसंत पंचमी उत्सव' बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के चेयरमैन डॉ. गुलझारीलाल कालेर ने मां सरस्वती के छाया-चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वल कर व पुष्प अर्पित कर की। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। अध्यापिका ममता रानी ने बताया किया बसंत का समय विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता हैं। संस्था के चेयरमैन डॉ. जीएल कालेर ने बताया कि इस दिन जो भी व्यक्ति माँ सरस्वती को सच्चे मन से याद करता है। मां सरस्वती उस पर प्रसन्न होती है और उसके जीवन में खुशियां भर देती हैं। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य रामसिंह रोहिला ने बच्चों को बसंत ऋतु के महत्व से अवगत करवाया तथा सभी को बसंत पंचमी की हार्दिक शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में संस्थान के शिक्षक उपस्थित थे।

'बेरोजगारों के लिए निराशाजनक बजट'

सीकर (निसं)। महामंत्री ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मुकुंद तिवाड़ी ने इस बजट के बाद कहा भाजपा सरकार ने जनविरोधी बजटों का एक दशक पूरा करके एक शर्मनाक रिकार्ड बनाया है, जो फिर कभी नहीं टूटेगा। महिला वित्त मंत्री होने के बाद भी महिलाओं के लिए कुछ खास इस बजट में देखने को नहीं मिला। बेरोजगारों के लिए जो भर्ती की बात की गई है। वह केवल एक सपना ही होगा। पिछले कार्यकाल को देखे तो एक भी भर्ती सरकार द्वारा नहीं निकल गई है।उन्होंने कई चीज़ों के बारे में बात की जो अस्पष्ट भाषा में नही हैं। जैसे आत्मविश्वास और उम्मीद इत्यादि. लेकिन जब ठोस आंकड़ों की बात आती है, तो बहुत कम आंकड़े उपलब्ध होते हैं.यह पूरी तरह से सामान्यताओं में छिपा होने और पर्याप्त सामग्री के बिना और अर्थव्यवस्था की विशिष्ट समस्याओं को संबोधित करने की इच्छा के मामले में एक बहुत ही निराशाजनक बजट होगा।

मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा में श्रद्धालु उमड़े

खिरोड़, (निसं)। झाझड़ गांव की खमाण सिंह की ढाणी में नवनिर्मित मंदिर में शिवलिंग एवं बालाजी मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ पूजा अर्चना के साथ होगा। कार्यक्रम के दौरान मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व सुबह 10:15 बजे महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। जो मुख्य मार्ग से होते हुए मंदिर परिसर पहुंची। मंदिर में पंडितों के सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ शिवलिंग की स्थापना की गई। वहीं बालाजी महाराज की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा हुई। इस दौरान विशाल भंडारी का आयोजन भी किया गया जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

युवक ने आत्महत्या की

सादुलपुर, (निसं)। मानसिक रूप से अवसाद में रह रहे एक व्यक्ति ने लसेडी गांव के पास ट्रेन के आगे आकर आत्महत्या करली। शनिवार सुबह 11 बजे दर्ज मामले में थानाधिकारी राकेश कुमार सिहाग ने बताया कि सुखवीर पुत्र जय सिंह जाट (35) निवासी मुन्दीताल तहसील राजगढ जिला चूरू ने लिखित रिपोर्ट देकर मामला दर्ज